# Allahabad High Court

## Previous Year Paper

(Group D) 23 Jul, 2017

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017

हल प्रश्न-पत्र

(परीक्षा तिथि : 23-07-2017)

## भाग-1 : हिन्दी

**1. जबरदस्ती का मेहमान अर्थ के लिए सही लोकोक्ति है-**

(a) ऊँची दुकान फीकी पकवान

(b) अधजल गगरी छलकत जाए

(c) आंख के अंधे नाम नैन सुख

(d) मान न मान मैं तेरा मेहमान

**Ans : (d)** 'जबरदस्ती का मेहमान' अर्थ के लिए सही लोकोक्ति 'मान न मान मैं तेरा मेहमान' है। जबकि लोकोक्ति 'ऊँची दूकान फीका पकवान' का अर्थ – बाहर ढ़कोसला भीतर कुछ नहीं, 'अध जल गगरी छलकत जाय' का अर्थ – थोड़ी विद्या, धन, बल पाकर इतराना तथा 'आँख के अंधे नाम नयन सुख' का अर्थ– गुण के विरुद्ध नाम होना।

**2. नौ दो ग्यारह होना मुहावरे का सही अर्थ है-**

(a) नौ और दो मिलकर ग्यारह होना

(b) घबरा जाना

(c) भाग जाना

(d) प्रसन्न होना

**Ans : (c)** 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का सही अर्थ 'भाग जाना' होगा। अन्य सभी विकल्प मुहावरे के अर्थ की दृष्टि से तर्क संगत नहीं है।

**3. लिंग की दृष्टि से शुद्ध वाक्य कौन सा है?**

(a) मेरा पुस्तक अच्छा है

(b) आपकी नाक कट गयी

(c) आपका नाक कट गया

(d) गुलाब की रंग लाल है।

**Ans : (b)** लिंग की दृष्टि से शुद्ध वाक्य – 'आपकी नाक कट गयी' है। जबकि वाक्य 'मेरा पुस्तक अच्छा है।' का शुद्ध रूप – 'मेरी पुस्तक अच्छी है।' तथा वाक्य 'गुलाब की रंग लाल है।' का शुद्ध रूप – 'गुलाब का रंग लाल है।' होगा।

**4. वचन की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य है-**

(a) हाथियाँ आती है

(b) लोग खड़ा है

(c) प्रेम और हरि तुम्हारा मामा है

(d) बालक पढ़ता है

**Ans : (*)** वचन की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य 'लोग खड़ा है' इसके जगह 'लोग खड़ें है' होगा। तथा प्रेम और हरी तुम्हारा मामा है कि जगह शुद्ध वाक्य प्रेम और हरि तुम्हारे मामा हैं।

**5. '<u>नौकर ने</u> दरवाजा खोला' वाक्य के रेखांकित पद में कौन सा कारक है?**

(a) कर्ता कारक (b) कर्म कारक

(c) करण कारक (d) अपादान कारक

**Ans : (a)** दिये गये वाक्य में रेखांकित पद 'नौकर ने' में कर्ता कारक है। क्रिया को सम्पन्न करने वाला कारक 'कर्ता कारक' कहलाता है। इसका कारक चिन्ह 'ने' होता है। जैसे– <u>नौकर</u> ने दरवाजा खोला।

<u>राम</u> ने रावण को मारा

**6. निम्न में भूतकाल का वाक्य कौन सा है?**

(a) चिट्ठी भेजी जाती है (b) चिट्ठी भेजी गई है

(c) चिट्ठी भेजी गई (d) चिट्ठी भेजी जायेगी

**Ans : (c)** 'चिट्ठी भेजी गई'। वाक्य भूतकाल का वाक्य है। जिससे क्रिया के कार्य की समाप्ति का बोध होता है, उसे भूतकाल कहते है। जैसे– मैने खाया।

तुम किताब पढ़ रहे थे।

**7. किस वाक्य में वर्तनी संबंधी अशुद्धि है?**

(a) यह उच्च कोटि का ग्रंथ है

(b) बच्चों को मेरा आर्शिवाद देना

(c) मैं आपसे क्षमा चाहता हूँ

(d) यह पत्र गोपनीय है

**Ans : (b)** दिये गये वक्यों में वर्तनी संबंधी अशुद्ध वाक्य – 'बच्चों को मेरा आर्शीवाद देना' है। इसका शुद्ध रूप – बच्चों को मेरा आशीर्वाद देना।

**8. निम्न में कौन सा शब्द अनेकार्थी है?**

(a) अर्थ (b) अनुरोध

(c) अपराध (d) अधिक

**Ans : (a)** दिये गये शब्दों में 'अर्थ' एक अनेकार्थी शब्द है। इसका अन्य अर्थ – धन, अभिप्राय, इन्द्रिय विषयक, मतलब, करना आदि है।

**9. जिसे भय नहीं है वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**

(a) बहादुर (b) श्रेष्ठ

(c) निर्दय (d) निर्भय

**Ans : (d)** 'जिसे भय नहीं है।' वाक्य के लिए उपयुक्त एक शब्द 'निर्भय' है। जबकि 'जिसके मन में या ह्रदय में दया न हो' वाक्य के लिए एक शब्द 'निर्दय' है।

**निर्देश– निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िये और प्र. 10 से प्र. 14 का उत्तर गद्यांश के आधार पर दीजिए।**

20 जुलाई 1905 को लार्ड कर्जन ने एक आज्ञा जारी करके बंगाल को दो भागों में बांट दिया। पहले भाग में पूर्वी बंगाल और असम थे और उसकी आबादी 3.1 करोड़ थी, जबकि दूसरे भाग में, शेष बंगाल था और उसकी जनसंख्या 5.4 करोड़ थी जिसमें 1.8 करोड़ बंगाली और 3.6 करोड़ बिहारी और उड़िया थे।

तर्क यह दिया था कि बंगाल का प्रांत इतना बड़ा था कि एक प्रांतीय सरकार द्वारा उसका प्रशासन चला सकना असंभव था।

लेकिन जिन अधिकारियों ने यह योजना तैयार की उनके दूसरे, राजनीतिक उद्देश्य भी थे। बंगाल तब भारतीय राष्ट्रवाद का केंद्र माना जाता था और इस कदम के द्वारा अधिकारीगण बंगाल में राष्ट्रवाद के प्रसार को रोकना चाहते थे।

**10. बंगाल को किसने बाँट दिया?**

(a) लार्ड रिपन (b) लार्ड वेलेजली
(c) लार्ड कर्जन (d) लार्ड माउटबेटेन

**Ans : (c)** बंगाल को लार्ड कर्जन ने 20 जुलाई 1905 को दो भागों में बाँट दिया।

**11. बंगाल को कितने भागों में बाँटा गया?**

(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) पाँच

**Ans : (a)** 20 जुलाई 1905 को लार्ड कर्जन ने बंगाल को दो भागों में बाँट दिया। पहले भाग में पूर्वी बंगाल और असम थे जबकि दूसरे भाग में शेष बंगाल था।

**12. पहले भाग में कौन से क्षेत्र थे?**

(a) पश्चिम बंगाल और असम
(b) पूर्वी बंगाल और असम
(c) शेष बंगाल
(d) शेष बंगाल और असम

**Ans : (b)** पहले भाग में पूर्वी बंगाल और असम थे, जिनकी आबादी 3.1 करोड़ थी।

**13. बंगाल विभाजन के लिए क्या तर्क दिया गया था?**

(a) बंगाल में अलग-अलग भाग के निवासी थे
(b) बंगाल में अलग-अलग धर्म के निवासी थे
(c) बंगाल विभाजन वहाँ की जनता चाहती थी
(d) बंगाल का प्रांत अत्याधिक बड़ा था

**Ans : (d)** बंगाल विभाजन के लिए तर्क यह दिया था कि बंगाल का प्रान्त इतना बड़ा था कि एक प्रांतीय सरकार द्वारा उसका प्रशासन चला सकना असंभव था।

**14. बंगाल विभाजन का राजनीतिक उद्देश्य क्या था?**

(a) बंगाल में स्थिर शासन की स्थापना
(b) बंगाल में शांति की स्थापना
(c) बंगाल में राष्ट्रवाद के प्रसार को रोकना
(d) बंगाल में सांप्रदायिकता को रोकना

**Ans : (c)** बंगाल विभाजन का राजनीतिक उद्देश्य बंगाल में राष्ट्रवाद के प्रसार को रोकना था क्योंकि उस समय बंगाल राष्ट्रवाद का केन्द्र माना जाता था।

**15. जहाँ किसी पंक्ति के शब्दों में एक ही वर्ण एक से अधिक बार आता है' वहाँ अलंकार होता है-**

(a) अनुप्रास (b) श्लेष
(c) उपमा (d) रूपक

**Ans : (a)** जहाँ किसी पंक्ति के शब्दों में एक ही वर्ण एक से अधिक बार आता है, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है। दूसरे शब्दों में ''जहाँ पर वर्णों की आवृत्ति हो, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है।''
जैसे– सो सुख सुजस सुलभ मोहिं स्वामी।

**16. शृंगार रस का स्थायी भाव है?**

(a) हास (b) उत्साह
(c) रति (d) शोक

**Ans : (c)** जहाँ नायक और नायिका के सौंदर्य तथा प्रेम संबंधी परिपक्व अवस्था का वर्णन होता है वहाँ शृंगार रस होता है। इसका स्थाई भाव 'रति' है। जैसे–
बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय।
सौंह करे, भौंहनि हँसै, छैन कहै, नरि जाय।

**17. 'भाई-बहन' में कौन सा समास है?**

(a) तत्पुरूष (b) द्वन्द
(c) द्विगु (d) अव्ययीभाव

**Ans : (b)** जिस समास में समस्त पद के दोनों पद प्रधान हो तथा विग्रह करने पर 'और' अथवा 'या' 'एवं' लगता हो, यह द्वन्द समास कहलाता है। जैसे–
राजा – प्रजा = राजा और प्रजा
भाई– बहन = भाई और बहन
पाप – पुण्य = पाप और पुण्य

**18. 'दिनकर' किसका पर्यायवाची है?**

(a) आकाश (b) चन्द्र
(c) तालाब (d) सूर्य

**Ans : (d)** दिनकर शब्द सूर्य का पर्यायवाची शब्द है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द – दिवाकर, रवि, भानु, भास्कर, अर्क, तरणि, पतंग, आदित्य, सविता, हंस, अंशुमाली, मार्तण्ड आदि है। जबकि आकाश का पर्यायवाची शब्द– गगन, नभ, अम्बर, व्योम, अन्तरिक्ष, शून्य, पुष्कर, अभ्र, लौ, तारापथ आदि है।

**19. 'पवन' किसका पर्यायवाची है?**

(a) आग (b) वायु
(c) पहाड़ (d) पुष्प

**Ans : (b)** 'पवन' 'वायु' का पर्यायवाची शब्द है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द – हवा, पवन, समीर, अनिल, मारूत आदि है।

20. **'अमृत' का विलोम है-**

(a) विष (b) औषधि
(c) मृत (d) पीयूष

**Ans : (a)** 'अमृत' का विलोम शब्द 'विष' है। जबकि 'मृत' 'जीवित' का विलोम शब्द है तथा 'पीयूष' 'अमृत' का पर्यायवाची शब्द है।

21. **'यश' का विलोम है-**

(a) हानि (b) अपमान
(c) अपयश (d) दुर्भाग्य

**Ans : (c)** 'यश' का विलोम शब्द 'अपयश' है। जबकि 'हानि' 'लाभ' का विलोम, 'अपमान' 'मान' का विलोम तथा 'दुर्भाग्य' 'भाग्य' का विलोम शब्द है।

22. **कौन सा शब्द तद्भव है?**

(a) पिता (b) आज्ञा
(c) किसान (d) अग्नि

**Ans : (*)** दिये गये विकल्पों में 'पिता' तथा 'किसान' दोनों शब्द तद्भव है। इनका तत्सम शब्द क्रमशः 'पितृ' तथा 'कृषक' है। जबकि 'अग्नि' तत्सम शब्द है, जिसका तद्भव शब्द 'आग' होगा।

23. **कौन सा शब्द तत्सम है?**

(a) वायु (b) खेल
(c) आग (d) कान

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में 'वायु' तत्सम शब्द है। जबकि खेत, आग तथा कान तद्भव शब्द है। इनका तत्सम शब्द क्रमशः– क्षेत्र, अग्नि तथा कर्ण होगा।

24. **'महाशय' का संधि विच्छेद होगा-**

(a) मह + आशय (b) महा + आशय
(c) महा + शय (d) मह + अशय

**Ans : (b)** 'महाशय' का संधि विच्छेद 'महा+आशय' होगा। इसमें 'दीर्घ स्वर संधि' है। इसके नियमानुसार यदि ह्स्व या दीर्घ 'अ', 'ई', 'उ' के पश्चात क्रमशः ह्स्व या दीर्घ 'अ', 'ई', 'उ', स्वर आये तो दोनों मिलकर दीर्घ 'आ', 'ई', 'ऊ' हो जाता है। जैसे–
धर्म + अर्थ = धर्मार्थ
महा + आत्मा = महात्मा
अति + इव = अतीव

25. **'जिसके आने की तिथि ज्ञात न हो' के लिए एक शब्द है-**

(a) अज्ञात (b) अनहोनी
(c) अतिथि (d) साधु

**Ans : (c)** 'जिसके आने की तिथि ज्ञात न हो' वाक्य के लिए एक शब्द 'अतिथि' होगा। जो ज्ञात न हो उसे अज्ञात तथा जिसके होने या घटित होने की तिथि निश्चित न हो उस अनहोनी कहते हैं।

# भाग-2 : ENGLISH

26. **In the following question the parts of a sentence namely P, Q, R, and S are jumbled. Choose the correct order of these to make a grammatically correct and meaningful sentence from the given options-**

P- My mother on her 40th birthday
Q- are planning to throw
R- my brother and I
S- a surprise party for

(a) PQSR (b) SRQP
(c) RSQP (d) RQSP

**Ans : (d) RQSP–** (R) My brother and I (Q) are planning to throw (S) a surprise party for (P) My mother on her 40th birthday.

27. **In the following question the parts of a sentence namely P, Q, R, and S are jumbled. Choose the correct order of these to make a grammatically correct and meaningful sentence from the given options-**

P- dirty feel
Q- don't put
R- on the table
S- your

(a) QSPR (b) QRSP
(c) RQSP (d) SPRQ

**Ans : (a) QSPR–** (Q) Do not put (S) your (P) dirty feet (R) on the table.

28. **Identify the underlined part of the sentence which is not grammatically correct,**

**Remember to switch off your mobile phone at the movie hall.**

(a) Remember (b) to switch off
(c) your mobile phone (d) at the movie hall

**Ans : (d)** इस वाक्य का रेखांकित भाग your mobile phone at the movie hall में Preposition 'at' का प्रयोग गलत किया गया है। सामान्यतः किसी भी स्थान पर रूकने के लिये तथा किसी Room, office or cinema hall के अन्दर उपस्थित होने के लिए Preposition in का प्रयोग किया जाता है। अतः यहां at के स्थान पर in आयेगा।

29. **Identify the underlined part of the sentence which is not grammatically correct.**

**The weather was very pleasant so we deciding to go for a walk.**

(a) The weather (b) was very pleasant
(c) so we deciding (d) to go for a walk

**Ans : (c)** So we deciding के स्थान पर So we decided का प्रयोग होगा क्योंकि यहाँ हमको Verb के Past form की आवश्यकता है। Gerund या Participle की नहीं।

**30. Choose the best synonym for the following word Assist**

(a) Aid (b) Pay
(c) Start (d) Fight

**Ans : (a)** Assist (v) – सहायता करना, मदद करना
Aid (v) – सहायता करना, मदद करना
अतः इसका उचित पर्यायवाची Aid होगा।
Fight – लड़ाई करना
Start – शुरू करना
Pay – भुगतान करना।

**31. Chose the best synonym for the following word Expensive**

(a) Heavy (b) Easy
(c) Difficult (d) Costly

**Ans : (d)** Expensive (adj) – मंहगा, कीमती
Costly (adj) – मंहगा, कीमती
अतः Expensive का निकट समानार्थी शब्द Costly होगा।
Heavy (adj) – भारी, बोझिल
Difficult (adj) – कठिन, दुष्कर
Easy (adj) – आसान, सरल

**32. Choose the best antonym for the following word, Common**

(a) Good (b) Easy
(c) Rare (d) Painful

**Ans : (c)** Common (adj)–सामान्य, आसानी से प्राप्त होने वाला
Rare (adj) – दुर्लभ, असामान्य
अतः Common का विलोम शब्द Rare होगा।

**33. Choose the best antonym for the following word, Purchase**

(a) Spend (b) Have
(c) Sell (d) Buy

**Ans : (c)** Purchase (v) – खरीदना
Sell (v) – बेचना
अतः Purchase का विलोम शब्द Sell होगा।
Spend – खर्च करना
Buy – खरीदना
Have – एक सहायक क्रिया, पास में होना

**Direction-Read the following passage and answer the associated questions.**

You are no beauty! Can't talk, can't dance!" With these words, Aunt Ruby would tease the unfortunate parakeet who stared sourly at everyone from his ornamental cage at one end of the long verandah of granny's bungalow in North India.

In those distant days, almost everyone, Indian or European, kept a pet parrot or parakeet or a lovebird, as some of the smaller ones were called.

Sometimes these birds become great talkers or rather imitators, and would learn to recite mantras (religious chants) or scoldings to the children of the house, such as "Parho beta, Parho." (Study child, study.) Or for the benefit of boys like me, "Don't be greedy. don't be greedy."

These expressions were, of course, picked up by the parrot over a period of time, after many repelitions by whichever member of the household had taken on the task of teaching the bird to talk.

But our parrot refused to talk.

He'd been bought by Aunt Ruby from a bird-catcher who had visited all the houses on our road, selling caged birds ranging from colourful budgerigars to hapy little mynas and even common sparrows that had been patted with paint and passed off as some rare species, Neither granny nor grandfather were keen on keeping caged birds as pets, but Aunt Ruby showed signs of throwing a tantrum if she did not get her way and Aunt Ruby's tantrums were dreadful to watch.

Anyway, she insisted on keeping the parrot and teaching it to talk, But the bird took an instant dislike to my aunt and resisted all the pleasant things she said.

**34. The parakeet was in a bad mood because:**

(a) It was hungry.
(b) it did not like the cage.
(c) it was being teased by Aunt
(d) it did not like to dance

**Ans : (c)** तोता खराब mood में था क्योंकि उसको Aunt के द्वारा डांटा जा रहा था।
ऐसा विकल्प (c) it was being teased by Aunt में दिया गया है।

**35. Which word in the story means the same as 'uncommon'?**

(a) distant (b) rare
(c) instant (d) common

**Ans : (b)** Uncommon – दुर्लभ, कम मिलने वाला
Rare – दुर्लभ।

**36. How did the bird catchers cheat people?**

(a) by selling birds to them at high cost
(b) by running away with the birds after taking money
(c) by painting some common birds to make them look rare
(d) by selling birds that were kept in cages

**Ans : (c)** कैसे चिड़िया पकड़ने वाला लोगों को धोखा देता था? वह उनको रंग देता था ताकि वे ऐसी दिखें मानो कि वे दुर्लभ प्रजाति की हों। ऐसा विकल्प (c) by painting some commond birds to make them look rare में बताया गया है।

37. **Aunt Ruby managed to get the pet bird because :**

(a) she convinced everyone that a bird would be good for the family

(b) she made the family give in to her desire of keeping a pet bird

(c) she showed the family that she could teach the parakeet bow to talk

(d) she begged everyone in the family for the bird

**Ans : (b)** Aunt Ruby एक पालतू चिड़िया लाने में सफल हो गयीं क्योंकि ऐसा करने के लिये उन्होंने परिवार को अपनी इच्छा के अनुसार मना लिया। यह विकल्प (b) She made the family give in to her desire of keeping a pet bird. में स्पष्ट दिया गया है।

38. **From the story we can make out that:**

(a) both Aunt and the parakeet liked each other

(b) both Aunt and the parakeet disliked each other

(c) Aunt did not care for the parakeet

(d) the parakeet disliked Aunt

**Ans : (d)** इस कहानी से हम यह कह सकते हैं कि वह तोता Aunt को पसन्द नहीं करता था।

39. **Choose the best option to fill in the blank.**

**The students found the _____ questions quite easy.**

(a) graemer (b) grammar

(c) grammer (d) garammr

**Ans : (b)** The students found the grammar questions quite easy.

विद्यार्थियों ने व्याकरण (Grammar) के प्रश्नों को बहुत सरल पाया।

40. **Choose the best option to fill in the blank.**

**The_____ living in Indore have achieved great success in their cleanliness drive.**

(a) peepal (b) peeple

(c) people (d) peopal

**Ans : (c)** The people living in Indore have achieved great success in their cleanliness drive.

इंदौर में रहने वाले लोगों ने अपने स्वच्छता अभियान में अपार सफलता पायी है।

41. **Find the word/s that can substitute the underlined words.**

**The study of plant life is taught to all school children in secondary classes.**

(a) Zoology (b) Botany

(c) Biology (d) Sociology

**Ans : (b)** The study of plant life– पौधों के जीवन का अध्ययन। इस वाक्य को एक शब्द में Botany (वनस्पति विज्ञान) कहते हैं जो कि दिये गये रेखांकित भाग के स्थान पर प्रयोग किया जायेगा।

Zoology – जीव विज्ञान (जानवरों के जीवन का अध्ययन

Biology – जीवधारियों के जीवन का अध्ययन (जानवर तथा वनस्पति दोनों), Sociology – सामाजिक विज्ञान

42. **Find the word/s that can substitute the underlined words.**

**I was unable to decide what to do when I found two equally dangerous animals in front of me:**

(a) very unhappy (b) not confident

(c) in dilemma (d) quite excited

**Ans : (c)** I was unable to decide what to do when I found two equally dangerous animals in front of me

में फैसला कर पाने में अयोग्य था जब मैंने दो समान रूप से खतरनाक जानवरों को अपने सामने पाया।

In dilemma – दुविधा की स्थिति में होना, भ्रमित होना

अतः रेखांकित भाग पर in dilemma का प्रयोग किया जायेगा।

43. **Choose the best option to fill in the blank.**

**I jumped over the wall and fell straight____ the garden.**

(a) writhin (b) to

(c) through (d) into

**Ans : (d)** गति के बाद स्थिरता के लिये Preposition 'into' का प्रयोग किया जाता है जैसे

He jumped into the well.

अतः रिक्त स्थान पर Preposition 'into' का प्रयोग किया जायेगा।

44. **Choose the best option to fill in the blank.**

**The speech given____ the chief guest was liked by one and all.**

(a) on (b) by

(c) at (d) which

**Ans : (b)** The speech given by the chief guest

मुख्य अतिथि के द्वारा दिया गया भाषण।

अतः स्पष्ट है कि Preposition by का प्रयोग होगा।

45. **Choose the best option to fill in the blank.**

**To reach the market, go _____ the bridge and her left.**

(a) over (b) through

(c) into (d) between

**Ans : (a)** To reach the market, go over the bridge and turn left.

किसी भी line, नदी, पुल के इस पार से उस पार जाने के लिए Preposition 'over' का प्रयोग किया जाता है। इस वाक्य का हिन्दी अर्थ होगा–

बाजार पहुँचने के लिए पुल पार करो और दाहिने मुड़ जाओ।

46. **Choose the best option to fill in the blank.**
**____ you washed the apples before cutting them**

(a) Can (b) Has
(c) Have (d) Are

**Ans : (c)** Have you washed the apples before cutting them.
क्या आपने सेबों को काटने से पहले धोया है।
यहां before शब्द का प्रयोग बताता है कि यह वाक्य Perfect tense में होगा जिसके लिए सहायक क्रिया Has/Have आती है।

47. **Choose the best option to fill in the blank.**
**Ramya says that ____ is very tired and rood's to rest for a while.**

(a) she (b) her
(c) they (d) I

**Ans : (a)** यहाँ रिक्त स्थान पर her का प्रयोग नहीं हो सकता क्योंकि Is के पहले करना है और Verb के पहले सदैव Objective case का प्रयोग किया जाता है। they के साथ are तथा I के साथ am आता है। अब बचा she इसी के साथ is का प्रयोग होता है। अतः विकल्प (a) का प्रयोग होगा।

48. **Choose the best option to fill in the blank.**
**The snow clad mountains looked____ than anything I had ever seen.**

(a) more beautiful (b) beautiful
(c) most beautiful (d) greatly beautiful

**Ans : (a)** यहाँ than के प्रयोग से स्पष्ट है कि Comparative degree का प्रयोग होगा।
अतः विकल्प (a) more beautiful रिक्त स्थान पर आयेगा।

49. **Choose the best option to fill in the blank.**
**My aunt lives on _____ top floor of an old house.**

(a) with (b) a
(c) the (d) an

**Ans : (c)** of के पहले आने वाले Noun के साथ Article The का प्रयोग होता है क्योंकि ये किसी विशेष वस्तु का बोध कराते हैं।

50. **Choose the best option to fill in the blank.**
**Today is ____ great day for me! I have received a gold medal in swimming.**

(a) a (b) the
(c) an (d) some

**Ans : (a)** Exclamation प्रकट करने वाले वाक्यों में article 'a' का प्रयोग होता है जैसे-
What a wonderful person he is!
अतः रिक्त स्थान पर Article 'a' आयेगा।

# भाग-3 : सामान्य अध्ययन

51. **एक चिकित्सीय उपकरण ''इंडोस्कोप'' ............ के सिद्धांत पर काम करता है।**

(a) परावर्तन (b) अपवर्तन
(c) सम्पूर्ण आंतरिक परावर्तन (d) प्रकीर्णन

**Ans : (c)** चिकित्सीय उपकरण इंडोस्कोप सम्पूर्ण आंतरिक परावर्तन के सिद्धान्त पर काम करता है। जब आपतन कोण क्रान्तिक कोण से ज्यादा होता है, तो आपतित किरणें दूसरे माध्यम में न जाकर उसी माध्यम में परावर्तित हो जाती है। उस माध्यम को प्रकाश का पूर्ण आन्तरिक परावर्तन कहते है।
उदाहरण–
1. हीरे का चमकना
2. जल में पड़ी परखनली का चमकना
3. काँच में पड़ी दरार का चमकना
4. रेगिस्तान में मरीचिका उत्पन्न होना।

52 **किस टीम ने आईपीएल-2017 का क्रिकेट कप जीता था?**

(a) कोलकाता नाइट राइडर्स
(b) राइजिंग पुणे सुपरजायेंट
(c) मुंबई इंडियंस
(d) सनराइजर्स हैदराबाद

**Ans : (c)** आईपीएल 2017 का खिताब मुम्बई ने राइजिंग पुणे सुपरजायेंट को एक रन से हराकर जीता। इससे पूर्व भी मुम्बई ने यह खिताब दो बार जीता है। आईपीएल–2017 में डेविड वार्नर ने सर्वाधिक रन तथा भुवनेश्वर कुमार ने सर्वाधिक विकेट प्राप्त किये थे।

53. **64 वें राष्ट्रीय फिल्मफेयर पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के लिए किसको चुना गया है?**

(a) आलिया भट्ट (b) सोनम कपूर
(c) जायरा वसीम (d) आदिश प्रवीण

**Ans : (c)** 64वें फिल्मफेयर पुरस्कारों का वितरण अप्रैल, 2017 में किया गया। इसमें फिल्म रूस्तम के लिए अक्षय कुमार को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता तथा फिल्म नीरजा के लिए सोनम कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जायरा वसीम को फिल्म दंगल के लिए दिया गया।

54. **निम्नलिखित में से कौन सा लोक नृत्य पश्चिम बंगाल राज्य से संबंधित है?**

(a) राऊफ (b) छऊ
(c) घूमर (d) रासलीला

**Ans : (b)**

| लोकनृत्य | राज्य |
|---|---|
| छऊ | पश्चिम बंगाल |
| राऊफ | कश्मीर |
| घूमर | राजस्थान |
| रामलीला | उत्तर प्रदेश |

**55. निम्नलिखित में से चित्रकला के कौन से प्रकार की उत्पत्ति राजस्थान में हुई थी?**

(a) बारली (b) फाड़
(c) मधुबनी (d) गोंड

**Ans : (b)** फाड़ चित्रकला की उत्पत्ति राजस्थान में हुई थी। फाड़ चित्रकला कपड़े पर की जाती है। यह राजस्थान की सबसे प्राचीन चित्रकला है।

**56. पुस्तक ''वन लाइफ इज नॉट एनफ'' ......... द्वारा लिखी गई है।**

(a) विनोद राय (b) शशि थरूर
(c) नटवर सिंह (d) अमीश त्रिपाठी

**Ans : (c)** पुस्तक 'वन लाइफ इज नॉट एनफ' भारत के पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह की आत्मकथा है।

**57. भारत के मौजूदा बंदरगाहों को आधुनिक विश्वस्तरीय बंदरगाहों में बदलने के लिए भारत सरकार द्वारा ...... परियोजना शुरू की गई है।**

(a) सागरसेतु (b) सागरमाला
(c) पत्तन (d) इंद्रधनुष

**Ans : (b)** 31 जुलाई, 2015 को नौवहन मंत्रालय (Ministry of Shiping) द्वारा सागरमाला परियोजना का आरम्भ भारत में मौजूदा बंदरगाहों को आधुनिक, विश्वस्तरीय बंदरगाहों में बदलने के उद्देश्य से किया गया।

**58. भारत में ........... को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मानया जाता है।**

(a) 24 जनवरी (b) 28 फरवरी
(c) 23 जनवरी (d) 8 मार्च

**Ans : (b)** भारतीय वैज्ञानिक सी.वी. रमन को 'रमन प्रभाव' की खोज हेतु 1930 में भौतिक विज्ञान का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। 'रमन प्रभाव' के महत्व को देखते हुए इसके अविष्कार की तिथि 28 फरवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**59. अंतराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज कौन थे?**

(a) विवियन रिचर्ड्स (b) ब्रायन लारा
(c) सचिन तेंदुलकर (d) सुनील गावस्कर

**Ans : (d)** सुनील गावस्कर टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज थे। उन्होंने यह उपलब्धि वर्ष 1987 में प्राप्त की थी। गावस्कर से पूर्व टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन (93 मैचों में 8032) वेस्टइंडीज के क्रिकेटर गारफेल्ड सोबर्स ने बनाये थे। वर्तमान समय में टेस्ट मैचों में सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड भारत के महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेन्दुलकर (15,921 रन) के नाम है जबकि आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोन्टिग (13,378 रन) दूसरे स्थान पर है।

**60. जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से भारत का कौन सा राज्य सबसे कम आबादी वाला राज्य है?**

(a) मिजोरम (b) अरूणाचल प्रदेश
(c) सिक्किम (d) जम्मू-कश्मीर

**Ans : (c)** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के 5 सबसे कम आबादी वाले राज्यों का बढ़ता हुआ क्रम निम्न है।
सिक्कम < मिजोरम < अरूणांचल प्रदेश < गोवा < नागालैंड

**61. भारत में किसका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है?**

(a) स्वामी विवेकानंद (b) भगत सिंह
(c) चंद्रशेखर आजाद (d) राम प्रसार बिस्मिल

**Ans : (a)** स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस 12 जनवरी को वर्ष 1984 से प्रत्येक वर्ष 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानन्द का जन्म 12 जनवरी 1863 में कोलकाता के एक कुलीन परिवार में हुआ था। विवेकानन्द के गुरू रामकृष्ण परमहंस कलकत्ता के तारकेश्वर मंदिर में पुजारी थे। 1893 ई. में अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित प्रथम विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानन्द ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इन्होंने वर्ष 1897 में कलकता के बारानगर में तत्पश्चात वेल्लूर (कोलकाता) में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जिसका प्रमुख उद्देश्य गरीबों की सेवा करना था। सुभाषचन्द्र बोस ने विवेकानन्द को 'आधुनिक भारत का पिता' कहा।

**62. उत्तर प्रदेश में .......... का पागल बाबा मंदिर अपनी कठपुतली प्रदर्शनी के लिए प्रसिद्ध है।**

(a) अयोध्या (b) वृन्दावन
(c) चित्रकूट (d) वाराणसी

**Ans : (b)** पागल बाबा का मंदिर उत्तर प्रदेश के वृन्दावन में स्थित है। यह मंदिर अपनी कठपुतली प्रदर्शनी के लिए प्रसिद्ध है।

**63. ''चना मद्रा'' निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य का लोकप्रिय पकवान है?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश
(c) राजस्थान (d) छत्तीसगढ़

**Ans : (b)** 'चना मद्रा' हिमाचल प्रदेश का लोकप्रिय पकवान है। चना मद्रा दही के ग्रेवी में काबुली चने को पकाकर बनाया जाता है।

64. ............... उत्तर प्रदेश राज्य का वृक्ष है।

(a) नीम (b) पीपल

(c) अशोक (d) बरगद

**Ans : (c)** उत्तर प्रदेश राज्य का राजकीय वृक्ष अशोक है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश राज्य का राजकीय पुष्प पलाश है तथा राजकीय पशु बारासिंहा एंव राजकीय पक्षी सारस/क्रौंच है। उत्तर प्रदेश का राज्य का राजकीय चिन्ह मछली एवं तीर कमान है।

**नोट–** जबकि भारत का राष्ट्रीय वृक्ष बरगद

65. बौद्ध परिषद .......... में आयोजित की गयी थी जहाँ बौद्ध धर्म दो संप्रदायों - हीनयान और महायान में विभाजित हो गया था।

(a) राजगीर (b) वैशाली

(c) पाटलिपुत्र (d) कश्मीर

**Ans : (d)** बौद्ध परिषद की चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन प्रथम सदी ई. में कश्मीर के कुण्डलवन में, कनिष्क के शासन काल में, वसुमित्र की अध्यक्षता में हुई थी। इस बौद्ध संगीति में बौद्ध धर्म हीनयान और महायान में विभाजित हो गया। हीनयान – ये रूढ़िवादी प्रकृति के थे। इन्हें निम्नमार्गी भी कहा जाता था। इन्होंने बुद्ध के मूल उपदेशों को ग्रहण किया। इनका उद्देश्य अर्हट पद प्राप्त करना है। इसका विस्तार श्रीलंका, वर्मा, जावा आदि देशों तक है। महायान – ये सुधारवादी प्रकृति के लोग थे। इन्हें अष्टमार्गी भी कहा जाता है। इनका आदर्श बोधिसत्व है। इनका विस्तार तिब्बत, चीन, कोरिया,मंगोलिया आदि देशों तक है।

66. दास वंश के किस सम्राट ने ''जिल्ले-ए-इलाही'' की उपाधि प्राप्त की थी?

(a) इल्तुतमिश (b) कुतुबुद्दीन ऐबक

(c) ग्यासुद्दीन बलबन (d) नसीरूद्दीन महमूद

**Ans : (c)** दास वंश के सम्राट ग्यासुद्दीन बलबन ने 'जिल्ले–ए–इलाही'' की उपाधि धारण की थी। ''जिल्ले–ए–इलाई'' उर्दू का शब्द है। जिसका शाब्दिक अर्थ' भगवान की दया और सुरक्षा' है। बलबन ने सुल्तान की प्रतिष्ठा को स्थापित करने के लिए रक्त और लौह की नीति का पालन किया। बलबन पहला सुल्तान था, जिसने राजस्व सिद्धान्त प्रतिपादित किया। बलबन ने ईश्वर, शासक तथा जनता के बीच त्रिपक्षीय सम्बन्धों को राजस्व का आधार बनाया। उसने फारसी परम्परा के अनुसार 'सिजदा' और 'पायबोस' को अपनाया। इसने इल्तुतमिश द्वारा स्थापित चालीसा भंग कर दिया।

67. अंग्रेजों के शासन काल में न्यायाधीशों के रूप में भारतीयों की नियुक्ति के लिए निम्नलिखित में से कौन सा गवर्नर जनरल उत्तरदायी था?

(a) लॉर्ड कार्नवालिस (b) वारेन हेस्टिंग्स

(c) लॉर्ड विलियम बेंटिक (d) लॉर्ड डलहौजी

**Ans : (a)** गवर्नर जनरल लॉर्ड कार्नवालिस (1786–1793 तथा 1805) को पिट्स इण्डिया एक्ट के अन्तर्गत रेखांकित शांति स्थापना तथा शासन के पुनर्गठन हेतु भारत भेजा गया। सर्वप्रथम अपने 'न्यायिक सुधारों' के अन्तर्गत जिले की समस्त शक्ति कलेक्टर के हाथ में केन्द्रित कर दी। इसने 1793 ई. में 'कॉर्नवॉलिस कोड' का निर्माण करवाया, जो 'शक्तियों के पृथक्करण' सिद्धान्त पर आधारित था।

68. इलाहाबाद में 1857 में विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?

(a) रानी लक्ष्मी बाई (b) लियाकत अली

(c) कुँवर सिंह (d) नाना साहिब

**Ans : (b)**

| केन्द्र | नेतृत्व |
|---|---|
| झांसी | रानी लक्ष्मी बाई, तात्या टोपे |
| इलाहाबाद व बनारस | लियाकत अली |
| जगदीशपुर (बिहार) | कुँवर सिंह |
| कानपुर | नाना साहेब, तात्या टोपे |

69. निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट ने अपने शासन काल में नवरोज का उत्सव समाप्त कर दिया था?

(a) बाबर (b) जहाँगीर

(c) औरंगजेब (d) हुमायूँ

**Ans : (c)** औरंगजेब (1658–1707ई0) ने कुरान को अपने शासन का आधार बनाया। इस्लामी कानून का कट्टरता से पालन करने के कारण सुन्नी प्रजा उसे 'जिंदा पीर' के नाम से पुकारती थी। औरंगजेब का मुख्य लक्ष्य भारत को दारूल हर्ब (काफिरों का देश) से दारूल इस्लाम (इस्लाम का देश) में परिवर्तित करने का था। उसने सिक्कों पर कलमा खुदवाया, तुलादान एवं झरोखा दर्शन प्रथा, पारसी त्योहार नौरोज एवं हिन्दू त्योहारों, सार्वजनिक संगीत समारोह तथा भांग उत्पादन पर प्रतिबन्ध लगा दिया। जनता शरियत के अनुसार जी रही है कि नहीं इसको देखने के लिए औरंगजेब ने मुहतसिब (सार्वजनिक सदाचार निरीक्षक) नामक अधिकारी को नियुक्त किया।

70. निम्नलिखीत में से भारत में कौनसी नदी पश्चिम दिशा की ओर बहती है?

(a) गोदावरी (b) सुवर्णरेखा

(c) वैगई (d) लूनी

**Ans : (d)** प्रश्न में दी गयी नदियों में से लूनी नदी पश्चिम की ओर बहती है जबकि पश्चिम की ओर बहने वाली प्रमुख नदियाँ नर्मदा और ताप्ती है। लूनी नदी अजमेर के निकट अरावली पर्वत के पश्चिम ढलानों से निकलती है, जहाँ इसे सागरमती के नाम से जाना जाता है। यह नदी गुजरात राज्य के कच्छ के रण के पश्चिमोत्तर भाग की बंजर भूमि में विलुप्त हो जाती है।

71. भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी अंडमान एवं निकोबार के ............ द्वीप में स्थित है।

(a) हैवलॉक (b) नील

(c) बैरेन (d) कच्छल

Ans : (c) भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी अंडमान एवं निकोबार के बैरेन द्वीप में स्थित है। बैरन द्वीप को पहले मृत ज्वालामुखी माना जाता था, किन्तु 20वीं शताब्दी के अन्त में यह सक्रिय हो गया। करीब 180 साल शान्त रहने के बाद इसमें विस्फोट हुए थे। ये विस्फोट 1991, 1994–95 और 2005 में हुए थे। इस विस्फोट के दौरान इसमें से 2006 से लगातार लावा निकलता रहा है।

**72. बकरवाल जनजाति मुख्य रूप से भारत के .......... राज्य में रहती है।**

(a) उत्तर प्रदेश (b) जम्मू-कश्मीर
(c) राजस्थान (d) महाराष्ट्र

Ans : (b) बकरवाल जनजाति मुख्य रूप से भारत के जम्मू–कश्मीर राज्य में पायी जाती है। माना जाता है कि गुज्जर और बकरवाल राजपूत हैं जो विभिन्न कारणों से गुजरात के कठियावाड़ से कश्मीर चले गये थे। प्राचीन कश्मीर के इतिहास कल्हण के राजतरंगिणी में इन लोगों का 9वीं –10वीं शताब्दी में कश्मीर की सीमा पर रहने का उल्लेख मिलता है। इन्होंने मुस्लिम धर्म को स्वीकार कर लिया और फिर दो अलग–अलग सम्प्रदायों गुज्जर और बकरवाल में विभाजित हो गये।

**73. भारत की संविधान सभा में एकमात्र मुस्लिम महिला कौन थी?**

(a) बेगम ऐज़ाज रसूल (b) अरूणा आसफ अली
(c) बेगम हज़रत महल (d) आबादी बानों बेगम

Ans : (a) बेगम ऐजाज रसूल भारत की संविधान सभा में एकमात्र मुस्लिम महिला सदस्य थी।

**74. स्वतंत्रता के बाद भाषाई आधार पर भारत का पहला राज्य कौन सा बनाया गया था?**

(a) महाराष्ट्र (b) गुजरात
(c) आंध्र प्रदेश (d) केरल

Ans : (c) स्वतंत्रता के बाद भाषाई आधार पर भारत का पहला राज्य आन्ध्र प्रदेश था। आन्ध्र प्रदेश राज्य का गठन 1 अक्टूबर, 1953 को किया गया।

**75. निम्नलिखित में से कौन सी एक ग्रीनहाउस गैस नहीं है?**

(a) जल वाष्प (b) मीथेन
(c) हीलियम (d) कार्बन डाइऑक्साइड

Ans : (c) ग्रीनहाउस प्रभाव एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा वातावरण में उपस्थित कुछ गैसें वातावरण के तापमान को बढ़ाने में मदद करती हैं। ग्रीन हाउस गैसो में कार्बन डाई ऑक्साइड ($CO_2$) तथा मिथेन ($CH_4$) प्रमुख है। अन्य ग्रीनहाउस गैसे– जलवाष्प, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो–फ्लोरो–कार्बन, ओजोन आदि है।

## भाग-4 : गणित

**76. किसी परीक्षा में, 320 लड़के और 180 लड़कियाँ बैठी। 60% लड़के तथा 80% लड़कियां पास हुई। कितने प्रतिशत छात्र फेल हुए?**

(a) 30 (b) 31.2
(c) 32 (d) 32.8

Ans : (d) फेल लड़कों की संख्या $= 320\times\frac{100-60}{100}$

$$=\frac{320\ \ 40}{100}=128$$

फेल लड़कियों की संख्या $=\frac{180\ \ 100-20}{100}$

$$=\frac{180\ \ 80}{100}=36$$

$\therefore$ फेल छात्रों का प्रतिशत $=\frac{128+36}{(320+180)}\times100$

$$=\frac{164\ \ 100}{500}=32.8\%$$

**77. रु. 31250 पर 2 वर्ष 9 महिनां का कितना चक्रवृद्धि ब्याज होगा, यदि ब्याज की दर 8% वार्षिक है?**

(a) रु. 5200 (b) रु. 7387
(c) रु. 7668 (d) रु 8116

Ans : (b) चक्रवृद्धि मिश्रधन

$$=31250\times\left(1+\frac{8}{100}\right)^2\left(1+\frac{8}{100}\times\frac{5}{12}\right)$$

$$=31250\times\frac{26}{25}\times\frac{26}{25}\times\frac{53}{50}=38637$$

$\therefore$ चक्रवृद्धि ब्याज = 38637–31250= 7387`

**78. किसी धनराशि पर 12% वार्षिक ब्याज दर से 3 वर्ष का साधारण ब्याज रु. 6750 है। इसी धनराशि पर इसी ब्याज की दर से इसी समय अवधि का चक्रवृद्धि ब्याज, एक रूपये के निकटतम, क्या होगा?**

(a) रु. 7485 (b) रु. 7578
(c) रु. 7592 (d) रु. 7629

Ans : (c) मूलधन $=\frac{100\ \ \text{ब्याज}}{\text{दर}\times\text{समय}}$

$$=\frac{100\ \ 6750}{12\times3}=18750$$

$\therefore$ चक्रवृद्धि ब्याज $=18750\times\left(\frac{112}{100}\right)^3-18750$

$$=263424-18750=7592$$

79. **पाँच वर्ष पहले, पुनीत और अमृता की औसत आयु 15 वर्ष थी। आज पुनीत, अमृता और रेनु की औसत आयु 20 वर्ष है। 12 वर्ष पश्चात रेनु की आयु क्या होगी?**

(a) 30 वर्ष (b) 32 वर्ष
(c) 33 वर्ष (d) 35 वर्ष

**Ans : (b)** पाँच वर्ष पूर्व पुनीत और अमृता की आयु का योग

$= 15 \times 2 = 30$ वर्ष

$\therefore$ दोनों की वर्तमान आयु $= 30 + 5 + 5 = 40$ वर्ष

पुनीत, अमृता और रेनू की वर्तमान आयु $= 20 \times 3 = 60$ वर्ष

$\therefore$ रेनू की वर्तमान आयु $= 60 - 40$

$= 20$ वर्ष

$\therefore$ 12 वर्ष पश्चात रेनू की आयु $= 20 + 12$

$= 32$ वर्ष

80. **एक मानचित्र का स्केल (scale) 1:3000000 है। दो नगरों के बीच की वास्तविक दूरी 120 किमी है। मानचित्र पर इनके बीच की दूरी है :**

(a) 4 सेमी (b) 6 सेमी
(c) 8 सेमी (d) 12 सेमी

**Ans : (a)** मानचित्र में दूरी का स्केल सेमी. में दिया जाता है।

तथा प्रश्न में दिया है – 1 = 300 00 00 सेमी.

नगरों के बीच की दूरी = 120 = 120 × 1000 मी.

= 120×1000 × 100 सेमी.

$\therefore$ मानचित्र में इनके बीच की दूरी

$= \frac{120 \quad 1000 \quad 100}{300\,00\,00}$

$\frac{12}{3}$ 4 सेमी.

81. **रु. 9000 की एक राशि को A, B और C में इस प्रकार बाँटा जाता है कि A के भाग और B के भाग में अनुपात 5 : 2 है और B के भाग तथा C के भाग में अनुपात 7: 13 है B का भाग क्या है?**

(a) रु. 4200 (b) रु. 3660
(c) रु. 3120 (d) रु. 1680

**Ans : (d)** A : B : C

5 : 2

7 13

35 : 14 : 26

अतः A : B : C = 35 : 14 : 26

B का भाग $= 9000 \times \frac{14}{35 \quad 14 \quad 26}$

$= 9000 \times \frac{14}{75}$

$= 1680$

82. **अम्ल और पानी के एक 25 लीटर घोल में, अम्ल और पानी का अनुपात 4:1 है। इस घोल में 3 लीटर पानी मिला दिया जाता है। अब इस घोल में अम्ल और पानी का क्या अनुपात है?**

(a) 7 : 3 (b) 5 : 2
(c) 3 : 2 (d) 1 : 1

**Ans : (b)** घोल में अम्ल की मात्रा $= 25 \times \frac{4}{(4 \quad 1)}$

$25 \quad \frac{4}{5} \quad 20$ ली.

घोल में जल की मात्रा = 25–20 = 5 ली0

3ली. जल मिलाने के बाद घोल में जल की मात्रा = 5 + 3 = 8 ली.

$\therefore$ घोल में अम्ल और जल का नया अनुपात = 20 : 8

= 5 : 2

83. **एक दुकानदार दो प्रकार के चावल एक रु. 75 प्रति किलो ग्राम मूल्य वाले तथा दूसरे रु. 50 प्रति किलो ग्राम मूल्यवाले 3:2 के अनुपात में मिलाता है। यदि वह मिश्रण को रु. 62.40 प्रति किलो ग्राम बेचता है, तो उसका लाभ या हानि प्रतिशत है।**

(a) लाभ, $4\frac{1}{}\%$ (b) हानि, $4\frac{1}{}\%$
(c) लाभ, 4% (d) हानि, 4%

**Ans : (d)** चावल का क्रय मूल्य $= 75 \times 3 + 50 \times 2$

$= 225 + 100$

$= 325$

चावल का विक्रय मूल्य $= 62.40 \times 5$

$= 312$

$\therefore$ प्रति हानि $= \frac{325 \quad 312}{325} \times 100$

$= \frac{13}{325} \times 100$

$= 4\,\%$

84. **A और B मिलकर एक काम को 12 दिनों में कर सकते हैं, B और C मिलकर उस काम को 15 दिनों में तथा C और A मिलकर 20 दिनों में कर सकते है। वे तीनों मिलकर उस काम को कितने दिनों में पूरा करेंगे?**

(a) 5 (b) 10
(c) $15\frac{1}{}$ (d) $18\frac{1}{}$

**Ans : (b)** A + B के एक दिन का काम $= \frac{1}{12}$ भाग

B + C के एक दिन का काम $= \frac{1}{15}$ भाग

C + A के एक दिन का काम $= \frac{1}{20}$ भाग

∴ तीनों के एक दिन का काम

$$=\frac{1}{12}+\frac{1}{15}+\frac{1}{20}$$

अर्थात् $(A+B)+(B+C)+(C+A)=\frac{5\quad 4\quad 3}{60}$

$2A\quad 2B\quad 2C\quad \frac{1}{5}$

$2(A\quad B\quad C)\quad \frac{1}{5}$

$A+B+C=\frac{1}{10}$ भाग

अतः तीनों से मिलकर उस काम को 10 दिन में कर देंगे।

**85. सोनू एक काम को 25 दिन में कर सकता है और कविता उसी काम को 20 दिन में कर सकती है। दोनों मिलकर 5 दिन काम करते है और तब सोनू काम छोड़कर चला जाता है। कविता अकेले शेष काम को कितने दिनों में पूरा करेगी?**

(a) 7 (b) 9
(c) 11 (d) 12

**Ans : (c)** माना कविता शेष कार्य में x दिन में करेगी।

$$\frac{5}{25}\quad\frac{5\quad x}{20}\quad 1$$

$$\frac{200\quad 125\quad 25x}{500}\quad 1$$

$225+25x=500$

$25x=275$

$x=11$

अतः कविता शेष काम को 11 दिन में पूरा कर देगी।

**86. नल A किसी टंकी के $\frac{}{3}$ भाग को 8 घंटो में भर सकता है, और नल B उसी टंकी के $\frac{3}{4}$ भाग को 12 घंटो में भर सकता है। पूरी भरी हूई टंकी को नल C, 8 घंटों में खाली कर सकता है। यदि तीनों नलों को एक साथ खोल दिया जाए, तो खाली टंकी कितने समय में पूर्णतया भर जाएगी?**

(a) 40 घंटे (b) 42 घंटे
(c) 45 घंटे (d) 48 घंटे

**Ans : (d)**

A द्वारा टंकी को पूरा भरने में लगा समय $\frac{8\quad 3}{}$ 12 दिन

B द्वारा टंकी को पूरा भरने में लगा समय $\frac{12\quad 4}{3}$ 16 दिन

C द्वारा टंकी को खाली करने में लगा समय = 8 दिन

∴ तीनों टंकी को एक घंटे में भरने में $\frac{1}{12}\quad\frac{1}{16}\quad\frac{1}{8}$

$$=\frac{4\quad 3\quad 6}{48}$$

$$=\frac{1}{48}\text{ भाग}$$

∴ टंकी 48 घंटे में पूरी भर जायेगी।

**87. एक कार 72 किमी/घंटा की चाल से चलती है। 27 सेंकड में, वह कितनी दूरी तय करेगी?**

(a) 540 मी. (b) 486 मी.
(c) 432 मी. (d) 405 मी.

**Ans : (a)** 72 किमी/घंटा $72\quad\frac{5}{18}$ मी./से.

= 20 मी/से.

दूरी = चाल × समय

$=20\times 27$

= 540 मी.

**88. स्थान P से हरी और रवि क्रमशः 3 किमी/घंटा तथा $3\frac{1}{}$ किमी/घंटा की चाल से एक ही समय पर चलना आरंभ करते है। यदि वे विपरीत दिशाओं में चलते हैं, तो उनके बीच 5.2 किमी की दूरी कब होगी?**

(a) 40 मिनट के पश्चात (b) 45 मिनट के पश्चात
(c) 48 मिनट के पश्चात (d) 50 मिनट के पश्चात

**Ans : (c)** दोनों विपरीत दिशा में चल रहे है।

∴ सापेक्ष चाल $=3+3\frac{1}{}$

$=6\frac{1}{}$ किमी./घंटा

$$\text{समय}=\frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}$$

$$=\frac{5.2}{6\frac{1}{}}$$

$$=\frac{5.2\quad 2}{13}$$

= 0.8 घंटे

0.8 घंटे = 0.8 × 60 = 48 मिनट

अतः 48 मिनट बाद P और Q के बीच की दूरी 5.2 किमी. होगी।

**89. रोहित अपनी यात्रा कार द्वारा 9 a.m. पर प्रारम्भ करता है और स्थान P पर उसी दिन 1 p.m. पर पहुंच जाता है, यदि वह कार को 60 किमी/घंटा की चाल से चलाता है। यदि उसी स्थान पर दिन में 12 बजे पहुंचना हो तो उसे चाल को कितना बढ़ाना चाहिए?**

(a) 18 किमी/घंटा (b) 20 किमी/घंटा
(c) 24 किमी/घंटा (d) 25 किमी/घंटा

**Ans : (b)** रोहित अपनी यात्रा 9 am से प्रारम्भ करता है उसी दिन 1 pm. अपने गंतव्य पर पहुँच जाता है अर्थात् वह 4 घंटे यात्रा करता है।

∴ रोहित द्वारा चली गयी दूरी = $4 \times 60$

= 240 किमी.

रोहित अपने गंतव्य तक 12 बजे उसी दिन पहुँचना चाहता है अर्थात वह दूरी को 3 घंटे में तय करना चाहता है।

∴ अभीष्ट चाल  $\frac{240}{3}$  80 किमी./घंटा

अतः रोहित को अपनी 80 – 60 = 20 किमी./घंटा बढ़ाना होगा।

**90. एक व्यक्ति A से B तक की 60 किमी की दूरी 20 किमी/घंटा की चाल से तय करता है और B से चलकर A पर 30 किमी/घंटा की चाल से वापस आ जाता है। पूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल है:**

(a) 23 किमी/घंटा (b) 24 किमी/घंटा
(c) 25 किमी/घंटा (d) 28 किमी/घंटा

**Ans : (b)**

प्रथम विधि

समय $= \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}, \frac{60}{20}$  3 घंटा

$\frac{60}{30}$  घंटा

कुल दूरी = 60 + 60 = 120

कुल समय = 3 + 2 = 5

औसत चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}, \frac{120}{5}$  24

औसत चाल = 24 किमी./घंटा

द्वितीय विधि

अभीष्ट औसत चाल $= \frac{2 \;\; 20 \;\; 30}{(20+30)}$

$= \frac{1200}{50}$

= 24 किमी./घंटा

**91. संख्याओं $\frac{4}{9}, \frac{5}{6}, \frac{7}{12}, \frac{11}{24}, \frac{8}{11}$ में से सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी संख्या का योग है**

(a) $1\frac{37}{66}$ (b) $1\frac{49}{264}$
(c) $1\frac{5}{8}$ (d) $\frac{7}{66}$

**Ans : (*)** $\frac{4}{9} = 0.44, \frac{5}{6} = 0.83, \frac{7}{12} = 0.58$

$\frac{11}{24} = 0.45, \frac{8}{11} = 0.72$

अतः सबसे छोटी संख्या  $\frac{4}{9}$

सबसे बड़ी संख्या  $\frac{5}{6}$

∴ दोनों का योग  $\frac{4}{9} \;\; \frac{5}{6}$

$\frac{8 \;\; 15}{18} = \frac{23}{18} = 1\frac{5}{18}$

**92. सरल करने पर $\frac{62.5 \times 0.729 \times 0.0289}{25 \times 0.081 \times 2.5 \times 0.0017}$ का मान है:**

(a) 22.5 (b) 15.3
(c) 153 (d) 459

**Ans : (c)** $\frac{62.5 \;\; 0.729 \;\; 0.0289}{25 \times 0.081 \times 2.5 \times 0.0017}$

$= \frac{625 \;\; 729 \;\; 289}{25 \;\; 81 \;\; 25 \;\; 17}$

= 153

**93. यदि abc एक तीन अंको की संख्या है, जहाँ $a \neq c$ और cba एक दूसरी तीन अंको की संख्या है तब abc - cba सदैव निम्न से विभाज्य है:**

(a) 13 (b) 9
(c) 8 (d) 7

**Ans : (b)** माना a = 1, b = 2, c = 3

∴ abc = 123

तथा cba = 321

∴ दोनों का अन्तर = 321 – 123

= 198

विकल्प से

$\frac{198}{9}$

अतः अभीष्ट संख्याओं का अन्तर सदैव 9 से विभाज्य होगा।

नोट – 3 अंकों से बनी संख्या तथा दो अंकों से बनी संख्या को विपरीत क्रम से बनी संख्या को आपस में घटाने पर वह संख्या हमेशा नौ से विभाज्य होगी। जैसे–

321–121 = 198

91 – 19 = 72 यह संख्या 9 से विभाज्य है।

**94. यदि 25-5 [2+3 {2-2 (5-3) +5}-10]÷ 4 = 5 × 4 + k है, तो k का मान है:**

(a) $3\frac{3}{4}$ (b) $3\frac{1}{}$
(c) $3\frac{1}{4}$ (d) $3\frac{}{3}$

**Ans : (a)**

$25 \quad 5\left[2 \quad 3\{2 \quad 2\,5 \quad 3 \quad 5 \quad 10\right] \quad 4 \quad 5 \quad 4 \quad k$

$25 \quad 5\left[2 \quad 3\{2 \quad 2 \quad 2 \quad 5 \quad 10\right] \quad 4 \quad 5 \quad 4 \quad k$

$25 \quad 5\,2 \quad 3 \quad 3 \quad 10 \quad 4 \quad 5 \quad 4 \quad k$

$25 \quad \frac{5 \quad 1}{4} \quad 20 \quad k$

$25 \quad \frac{5}{4} \quad 20 \quad k$

$\frac{100 \quad 5 \quad 80}{4} \quad k$

$\frac{15}{4} \quad k$

$3\frac{3}{4} \quad k$

**95. किसी टंकी के एक-चौथाई भाग में 145 लीटर पानी आता है। यदि टंकी में 180 लीटर पानी हो तो का कितना भाग भरा हुआ है?**

(a) $\frac{29}{36}$ (b) $\frac{9}{29}$

(c) $\frac{12}{29}$ (d) $\frac{16}{39}$

**Ans : (b)** टंकी का $\frac{1}{4}$ भाग = 145 ली.

टंकी की क्षमता = 145 × 4 = 580

भरा हुआ भाग = $\frac{180}{580} = \frac{9}{29}$

**96. किसी पूर्ण संख्या के वर्ग के तीन गुने से उस तक के 4 गुने को घटाने पर संख्या से 50 अधिक का होता है। वह संख्या है :**

(a) 8 (b) 7

(c) 6 (d) 5

**Ans : (d)** माना संख्या = x

$\therefore 3x^2 - 4x = x + 50$

$3x^2 - 5x - 50 = 0$

$3x^2 - 15x + 10x - 50 = 0$

$3x(x-5) + 10(x-5) = 0$

$(3x + 10)(x-5) = 0$

$x - 5 = 0$

$x = 5$

**97. 144 वस्तुओं को बेचने पर, नमिता को 6 वस्तु का विक्रय मूल्य के बराबर की हानि होती है। उसे हानि प्रतिशत है :**

(a) 4 (b) 5

(c) 6 (d) 8

**Ans : (a)** वस्तुओं का क्रम मूल्य

= 144 + 6 = 150`

$\therefore$ अभीष्ट हानि प्रतिशत $= \frac{6}{150} \times 100$

= 4%

**98. सुनीता दो घड़ियों को `1955 प्रति घड़ी कीमत को किस पर बेचती है। एक घड़ी पर 15% का लाभ तब दूसरी घड़ी पर 15% की हानि होती है। पूरे का में उसका लाभ या हानि प्रतिशत है:**

(a) लाभ, 2.25% (b) हानि, 2.25%

(c) लाभ, 2.3% (d) हानि, 2.3%

**Ans : (b)** अभीष्ट हानि प्रतिशत $= \left(\frac{15}{10}\right)$

= 2.25%

**99. एक ट्राइसिकल 16% के लाभ पर बेची जाती है। यदि उसे `100 अधिक में बेचा जाता तो लाभ 20% होता। ट्राइसिकल का क्रय मूल्य है:**

(a) ` 1800 (b) ` 2000

(c) ` 2500 (d) ` 3000

**Ans : (c)** माना वस्तु का मूल्य = x`

प्रश्नानुसार,

$\frac{20x}{100} - \frac{16x}{100} = 100$

$\frac{4x}{100} = 100$

$x = \frac{100 \quad 100}{4} = 2500$

**100. किसी संख्या में पहले 20% की वृद्धि की जाती है और फिर उसमें 20% की कमी की जाती है। अब इसमें फिर 20% की वृद्धि की जाती है और इसके पश्चात् 20% की कमी की जाती है। आरंभिक संख्या में हुई प्रतिशत वृद्धि या कमी है:**

(a) 8% कमी (b) 7.84% कमी

(c) 7.48% वृद्धि (d) कोई वृद्धि या कमी नहीं

**Ans : (b)** यदि प्रारम्भिक संख्या = 100

प्रश्नानुसार प्राप्त संख्या $100 \times \frac{120}{100} \times \frac{80}{100} \times \frac{120}{100} \times \frac{80}{100}$

= 92.16

$\therefore$ अभीष्ट हानि प्रतिशत $= \frac{100 - 92.16}{100} \times 100$

= 7.84% कमी